पत्र संख्या-स्था-1-सेवा संघ/2021-22/ 265 /वाणिज्य कर

प्रेषक,

कमिश्नर वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर
वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश।

(स्थापना राजपत्रित अनुभाग) लखनऊ:: दिनांक 20 अप्रैल, 2022

महोदय,

उत्तर प्रदेश वाणिज्य कर अधिकारी सेवा संघ के पत्र संख्या मेमो, दिनांक 13-04-2022 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा उ0प्र0 वाणिज्य कर अधिकारी सेवा संघ के महासचिव ने दो-दिवसीय द्विवार्षिक अधिवेशन दिनांक 29-04-202 व दिनांक 30-04-2022 को आयोजित किये जाने हेतु अनुमति प्रदान किये जाने तथा संघ के सदस्यों को उक्त तिथियों के विशेष आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करने का अनुरोध किया गया है, जिसके क्रम में यह निर्णय लिया गया है कि संघ के उक्त वार्षिक अधिवेशन में सम्मिलित होने के इच्छुक सदस्यों (अधिकारी जो इस संघ के घोषित सदस्य हैं) को 02 दिन अर्थात 29-04-2022 व 30-04-2022 के लिये प्रार्थना पत्र प्राप्त होने पर उन्हें अधिवेशन में सम्मिलित होने के लिये विशेष आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करने के साथ-साथ स्टेशन छोडने की अनुमति प्रदान की जाये।

2- उपरोक्त संघ के ऐसे सदस्यों को जो सेवा से निलम्बित अथवा निष्कासित हैं अथवा अब उत्तरप्रदेश वाणिज्य कर अधिकारी सेवा संघ के सदस्य नहीं रहे हैं, को उपर्युक्त अवकाश स्वीकृत नहीं किया जायेगा। उक्त अवकाश स्वीकृत करने में यह भी ध्यान रखा जाये कि इन अवधियों में अवकाश के कारण राजकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न न हो।

3- इस आशय की सूचना अपने जोन में कार्यरत एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्य अधिकारियों को भी दे दें और इस आशय की प्रति अपने नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा करवा दें।

4- उक्त विशेष आकस्मिक अवकाश शासन के कार्मिक अनुभाग-4 के पत्र संख्या-1ईएम/2011-का-4-2014/दिनांक 30-06-2014 के क्रम में स्वीकृत किये जाने की अनुमति प्रदान की जाती है।

उक्त पत्र कमिश्नर वाणिज्य कर महोदया के अनुमोदनोपरान्त जारी किया जा रहा है।

भवदीया,

(सुधा वर्मा)
एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

पृ0प0सं0 व दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1-विशेष सचिव वाणिज्य कर विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2-अध्यक्ष वाणिज्य कर अधिकरण उ0प्र0लखनऊ।
3-अध्यक्ष/महामंत्री उत्तर प्रदेश वाणिज्य कर अधिकारी सेवा संघ।
4-समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2 वाणिज्य कर उ0प्र0।
5-संयुक्त निदेशक, राजस्व एवं विशिष्ट अभिसूचना, उ0प्र0 शासन।
6-समस्त अनुभाग अधिकारी वाणिज्य कर मुख्यालय लखनऊ।
7-ज्वाइन्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर मुख्यालय लखनऊ को विभागीय वेबसाईट पर प्रदर्शित करने हेतु।
8-समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर /डिप्टी कमिश्नर/ असिस्टेंट कमिश्नर / वाणिज्य कर अधिकारी वाणिज्य कर उ0प्र0।
9-मैनुअल/सेन्ट्रल रिकार्ड, वाणिज्य कर मुख्यालय लखनऊ।
10-स्था-01/स्था-02 पटल को 10 अतिरिक्त प्रतियां।

20/04/2022
एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश लखनऊ।